कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष
व्यवस्थापन 'क' वर्ग
लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड, देहरादून

Office of the Engineer in Chief, PWD, Dehradun Uttarakhand

Phone & Fax:- 0135-2530467,2530431 Web- http:/govt.ua.nic.in/pwd E-Mail-eicpwduk@nic.in

पत्रांकः 349 / 34व्यक–स्थानान्तरण–सा0 / 26 दिनांक 31/03/2026

"कार्यालय ज्ञाप"

उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम–2017 के अनुपालन में लोक निर्माण विभाग के समूह–क / ख / ग के अधिकारियों / कर्मचारियों हेतु सुगम व दुर्गम स्थलों का चिन्हींकरण इस कार्यालय के पत्रांक–672 / 34व्यक–स्थानान्तरण–सा0 / 18 दिनांक 31.08.2018, पत्रांक–40 / 34व्यक–स्थानान्तरण–सा0 / 20 दिनांक 04.01.2020 पत्र सं0–591 / 34व्यक–स्थानान्तरण –सा0 / 22 दिनांक 26.04.2022 एवं पत्र सं0–293 / 34व्यक–स्थानान्तरण–सा0 / 22 दिनांक 24.02.2023 द्वारा निर्धारित किया गया है।

स्थानान्तरण अधिनियम–2017 में वर्णित है कि ऐसे कार्यस्थल जो 7000 फीट से अधिक ऊँचाई पर स्थित है में 01 वर्ष की तैनाती को 02 वर्ष की दुर्गम क्षेत्र में तैनाती के समतुल्य माना जाएगा। उक्त के दृष्टिगत, दुर्गम स्थल "मुनस्यारी" जो कि 7000 फीट से अधिक ऊँचाई पर स्थित है, में 01 वर्ष की तैनाती को 02 वर्ष की दुर्गम क्षेत्र में तैनाती के समतुल्य माना जाना उचित है।

अतः उक्त क्रम में सम्यक विचारोपरान्त मुनस्यारी में स्थित लोक निर्माण विभाग के समस्त कार्यालयों को दुर्गम श्रेणी के 1.25 के फैक्टर के स्थान पर 2.00 के फैक्टर से आंकलित किये जाने के आदेश एतद्द्वारा पारित किये जाते हैं।

ह0

(राजेश चन्द्र)
प्रमुख अभियन्ता

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव, लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. मुख्य अभियन्ता (नियोजन / अधिष्ठान), विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0, देहरादून।
3. समस्त मुख्य अभियन्ता, क्षेत्रीय / रा0मा0 / ए0डी0बी0 / वि0यां0 लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड।
4. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड।
5. समस्त वरिष्ठ स्टाफ आफिसर, विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0, देहरादून।
6. समस्त अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड।
7. अधिशासी अभियन्ता (आई0टी0), विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0, देहरादून को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
8. समस्त मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0, देहरादून।
9. मुख्य / वरिष्ठ / प्रशासनिक अधिकारी, व्यवस्थापन–ख / ग / घ / कार्यप्रभारित वर्ग, विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0, देहरादून।
10. गार्ड पत्रावली हेतु।

प्रमुख अभियन्ता